Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide fertilizer rakes for the benefit of farmers in Kaushambi district, Uttar Pradesh.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बहुत महत्वपूर्ण बात उठाने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं देश के माननीय प्रधान मंत्री जी को बधाई दूंगा कि उनके नेतृत्व में किसानों की आय लगातार दुगुनी हो रही है। बुआई के पहले से लेकर बुआई के बाद तक और बीज से लेकर बाजार तक किसानों की व्यवस्था की गई है। मेरा संसदीय क्षेत्र पूरी तरह से कृषि पर निर्भर है, लेकिन पिछले सरकारों की उदासीनता के कारण वहां फर्टिलाइजर रैक नहीं है, जिसके कारण के वहां के किसानों को समय पर यूरिया नहीं मिलती है।

इसलिए मैं आपसे प्रार्थना करता हूं और आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि कौशाम्बी जनपद में एक फर्टिलाइजर रैक शुरू करने की कृपा करें, जिससे कौशाम्बी, प्रतापगढ़ और फतेहपुर के किसानों को लाभ दिया जा सके।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री विनोद कुमार सोनकर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।